173. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत सुमेलित है?

(a) रामदेवजी – रामदेवरा
(b) पाबूजी – कोलू
(c) मल्लीनाथजी – खरनाल
(d) गोगाजी – ददरेवा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (c) – सही सुमेलन इस प्रकार है–

रामदेवजी	–	रामदेवरा
पाबूजी	–	कोलू
मल्लीनाथजी	–	तिलवाड़ा
गोगाजी	–	ददरेवा

174. राजस्थान में, टांका और खड़ीन प्रकार है-

(a) परम्परागत युद्धकौशल के
(b) परम्परागत लोकनृत्य के
(c) परम्परागत कृषि पद्धति के
(d) परम्परागत जल संरक्षण तकनीक के

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (d) – राजस्थान में जल संरक्षण का विशेष महत्व है। जलसंरक्षण की परंपरागत विधियों में नाड़ी, टांका (कुंड), खड़ीन, टोबा, कुण्डी कुँई इत्यादि शामिल हैं। राजस्थान में मरुस्थलीय ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल को संग्रहित करने का सबसे प्रचलित तरीका टांका है। खड़ीन का प्रचलन 15वीं शताब्दी में जैसलमेर के पालीवाल ब्राह्मणों ने किया था।
खंडीन के निर्माण हेतु राजा जमीन देता था जिसके बदले में उपज का 1/4 हिस्सा देना पड़ता था। खंडीन तकनीकी द्वारा बंजर भूमि को भी कृषि योग्य बनाया जाता है।

175. बीकानेर की किस राजकुमारी की निशानेबाजी के लिए 1968 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) भुवनेश्वरी कुमारी (b) सोनीक्षी राठौड़
(c) राज्यश्री कुमारी (d) उषा देवी

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (c) – बीकानेर के शाही परिवार में जन्मी राजकुमारी राज्यश्री कुमारी महाराजा करणी सिंह एवं महारानी सुशीला की पुत्री है। इन्होंने निशानेबाजी के लिए 1968 ई. में अर्जुन पुरस्कार जीता था। पिता महाराजा करणी सिंह पहले निशानेबाज थे, जिन्हें 1961 ई. में 'अर्जुन अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

176. राजस्थान में निम्न में से कौन सी एक भूजल ब्लॉक की श्रेणी नहीं है?

(a) सुरक्षित (b) अर्ध क्रांतिक
(c) अति संदोहित (d) न्यून संदोहित

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (d) – राजस्थान में भूजल ब्लॉक की श्रेणियों में सुरक्षित, अर्ध क्रांतिक, अति संदोहित शामिल है। न्यून संदोहित भूजल ब्लॉक की श्रेणी नहीं है। राज्य में भूजल संसाधनों की निगरानी अन्वेषण और प्रबंधन के उद्देश्य से वर्ष 1956 में भूजल विभाग एक स्वतंत्र विभाग के रूप में शुरू हुआ।

177. निम्न में से कौन सा सम्मेलन मरुस्थलीकरण की रोकथाम के लिए कार्य करता है?

(a) UNICEF (b) UNCCD
(c) UNESO (d) UNWF

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (b) – द यूनाइटेड नेशन्स कन्वेशन टू कम्बैक डेजर्टीफिकेशन (UNCCD) विश्व भर में मरूस्थलीकरण की रोकथाम के लिए कार्यरत संस्था है। यह संयुक्त राष्ट्र संघ की एक एजेंसी है। इसकी स्थापना 1994 ई. में की गई थी। UNCCD की यूरोपीय यूनियन सहित 197 सदस्य देश है। इस संस्था ने 2006 को 'मरुस्थल और मरुस्थलीकरणक का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष' घोषित किया।

178. राजस्थान में सेम समस्या से गंभीरता प्रभावित जिलें कौन से हैं-

(a) बूँदी, झालावाड़ (b) हनुमानगढ़, गंगानगर
(c) भीलवाड़ा, बीकानेर (d) कोटा, बारां

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016
Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (b) – राजस्थान में सेम समस्या की गंभीरता से प्रभावित जिले हनुमानगढ़, गंगानगर एवं बीकानेर है। यहाँ नहरों के पानी के रिसाव के कारण आसपास की जमीन दलदली हो गयी है जिसके कारण कृषि कार्य प्रभावित हुआ है। नहरों के पानी के रिसाव के कारण आस-पास की जमीन का दलदली हो जाना ही सेम (SEM) समस्या है।

179. शूरसेन जनपद में सम्मिलित भू-भाग था-

(a) भरतपुर, धौलपुर, करौली (b) उदयपुर, चित्तौड़गढ़
(c) जोधपुर, बीकानेर (d) सिरोही, जालौर

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (a) – बौद्ध ग्रन्थ अंगुत्तर निकाय तथा जैन ग्रन्थ भगवती सूत्र में उल्लिखित 16 महाजनपदों में शूरसेन भी एक महाजनपद था। शूरसेन जनपद के अंतर्गत भरतपुर, धौलपुर व करौली जनपद के भू-भाग सम्मिलित थे। शूरसेन की राजधानी मथुरा थी।

180. सामाजिक एवं राजनैतिक चेतना के लिए स्वामी दयानन्द ने राजस्थान की पहली यात्रा कब की?

(a) मई 1866 (b) जुलाई 1872
(c) जून 1865 (d) सितम्बर 1869

JEN Civil Diploma 21.08.2016